तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	ओमप्रकाश बनाम लो.सू.अ. (अपर जिला कलक्टर, प्रथम जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 331 / 2022	

01-11-2022

अपीलार्थी ओमप्रकाश गोटिया, निवासी ग्राम व पोस्ट खेजड़ला, तहसील बिलाड़ा जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 29.05.2022 में (1) वायु सेना बरेली के वेलफेयर अफसर द्वारा भू–आंवटन हेतु जिला अधिकारी जोधपुर के मार्फत आपके कार्यालय को भेजी गई प्रार्थी की एप्लीकेशन पर आपके कार्यालय द्वारा क्या कार्यवाही की गई व अन्य बिन्दूओं से संबंधित सूचना के लिए ,लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी सागवाड़ा जिला डूंगरपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर, प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 1747 दिनांक 0410.2022 तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि अपीलार्थी ओमप्रकाश द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(1) के तहत ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 29.05.2022 को राज्य लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी सागवाड़ा जिला डूंगरगढ के आरटीआई पोर्टल पर आवेदन कर सूचना चाही गई है ना की इस कार्यालय से सूचना चाही गई है।

लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी / प्रार्थी का आवेदन पत्र उनके कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है। Online Application Portal खोलने पर जिला कलक्टर जोधपुर के अधीन कार्यरत लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) के रूप में उपखण्ड अधिकारी, सागवाड़ा जिला डूंगरपुर भी दर्शाया जा रहा है जो संभवत त्रुटिवश दर्शाया हुआ है तथा इसी कारण अपीलार्थी / प्रार्थी का Online Application Portal के माध्यम से प्रार्थना पत्र जोधपुर कलक्टर कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है, परन्तु उपखण्ड अधिकारी, सागवाड़ा जिला डूंगरपुर के विरूद्ध अपील इस कार्यालय को प्राप्त होती है। अपीलार्थी / प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना उपखण्ड कार्यालय बिलाड़ा / तहसील बिलाड़ा से संबंधित है। प्रथमत् अपीलार्थी / प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अप्राप्त होने से अपील निरस्त योग्य है, परन्तुः R.T.I. Online Application Portal पर जिला कलक्टर जोधपुर के कई लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी / तहसीलदार) कार्यालय नहीं दर्शाया गया है तथा उपखण्ड अधिकारी सागवाड़ा जिला डूंगरपुर को जोधपुर कलक्टर कार्यालय के अधीन दर्शाया गया, जो त्रुटिपूर्ण है अतः Online Application Portal को अद्यतनिकरण (Update) करने हेतु लोक सूचना अधिकारी

लगातार

(अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर)/DoIT को निर्देशित किया जाता है कि Online Application Portal पर कलक्टर कार्यालय जोधपुर के अधीन सभी लोक सूचना अधिकारी कार्यालय को अद्यतनिकरण (Update) करने की कार्यवाही करे। उपरोक्तानुसार अपील का निस्तारण किया जाता है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।